पूर्व सैनिक दिवस समारोह पर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

अजमेर, (कासं)। बजरंगगढ़ चौराहा स्थित अजमेर के विजय स्मारक पर मंगलवार को भूतपूर्व सैनिक दिवस समारोह का आयोजन हुआ। इस अवसर पर पूर्व सैनिकों ने विजय स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर शहीदों के बलिदान को याद करते हुए श्रद्धांजलि दी। विजय स्मारक पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में जिले के पूर्व सैनिक, सैनिक कल्याण अधिकारी और अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल एके शाह ने बताया कि यह दिवस देश की रक्षा के लिए बलिदान देने वाले सैनिकों की याद में मनाया जाता है और उनकी वीरता को नमन करते हैं।

पुष्पांजलि के बाद जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गयाए जिसमें वीरांगनाओं, वीर माताओं और शौर्य पदक धारकों को सम्मानित किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने पूर्व सैनिकों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि उनके बलिदान और समर्पण से ही आज देश सुरक्षित है। सम्मान समारोह में शौर्य पदक धारकों ने अपने अनुभव साझा किए। और उपस्थित युवाओं को देशसेवा के प्रति प्रेरित किया।

जिला जल एवं स्वच्छता समिति की मासिक समीक्षा बैठक हुई

भीलवाड़ा। ग्रामीण क्षेत्रों के प्रत्येक घर में नल से शुद्ध पेयजल पंहुचाने की योजना जल जीवन मिशन के जिले में सफल क्रियान्वयन के लिये जिला जल एवं स्वच्छता समिति की मासिक समीक्षा

■ **जिला कलक्टर ने जिले में जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा की**

बैठक मंगलवार को जिला कलक्टर नमित मेहता की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई।

बैठक मे जन स्वा.अभि.विभाग के अधीक्षण अभियन्ता राजपाल सिंह ने जल जीवन मिशन की प्रगति के बारें में अवगत करवाया। चम्बल प्रोजेक्ट के अधीक्षण अभियन्ता विनोद कुमार गर्ग व राजीव सुगोथरा ने पीपीटी के माध्यम से एवं अधीक्षण अभियन्ता बी.एस.नकलक ने वर्ष 2024-25 में मेजर कार्यों के अन्तर्गत नल कनेक्शन की खंड वाइज प्रगति से अवगत करवाया।जिला कलक्टर मेहता ने जल जीवन मिशन के तहत चल रहे कार्यों में गुणवत्ता का पूर्ण ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करें। निर्धारित मानकों के अनुरूप कार्य किया जाएं एवं जहां पाइपलाइन डालने के कार्यों में रोड कटिंग में रोड खराब हुए है उन्हें प्राथमिकता से ठीक करवाने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने जेजेएम के कार्य में प्रगति लाने एवं सभी ब्लॉक में शेष रहे घरों को जल्द से जल्द टैप कनेक्शन उपलब्ध करवाए जाने के निर्देश दिए ताकि शेष रहे ब्लॉक भी जिले के सैचुरेटेड ब्लॉक बन सके। जिला कलक्टर ने नल कनेक्शन से शेष रहे स्कूलों, आंगनबाड़ी, ग्राम पंचायत भवन तथा हैल्थ सेंटर की सूची का मिलान कर जल कनेक्शन उपलब्ध करवाने के लिए निर्देशित किया। बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी चंद्रभान सिंह भाटी ,जिला, अधीक्षण अभियंता शाहपुरा श्रवण सिंह खेरिया,मुख्य शिक्षा अधिकारी , वन विभाग से मुन्नी चौधरी, पशुपालन विभाग से अरुण कुमार, अधीक्षण अभियंता एवीवीएनएल वी.के. संचेती, अधिशाषी अभियंता निरंजन सिंह आढ़ा,राम राय सोमानी, जिला कन्सल्टेंट डी.एस.यू. मुकेश कुमार शर्मा, शाहपुरा अधिशाषी अभियंता मयंक शर्मा, हिमांशु धामानिया एवं जन स्वास्थ्य अभि. विभाग के सभी अभियंता सहित सम्बन्धित सदस्य और जिला पदाधिकारी मौजूद रहें।

बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी चंद्रभान सिंह भाटी, अधीक्षण अभियंता शाहपुरा श्रवण सिंह आदि मौजूद थे।

फोटो जर्नलिस्ट महेश मूलचंदानी का निधन

अजमेर, (कासं)। अजमेर शहर के जाने माने एवं वरिष्ठ फोटो जर्नलिस्ट महेश मूलचंदानी का सोमवार देर शाम को निधन हो गया। महेश मूलचंदानी के निधन की सूचना मिलते ही पत्रकार जगत में शोक की लहर छा गई।

वरिष्ठ फोटोग्राफर महेश मूलचंदानी प्रेस फोटोग्राफी में अपनी एक विशेष पहचान बना चुके थे, उनके निधन से प्रेस फोटोग्राफी व पत्रकार जगत में एक अपूर्णीय क्षति हुई है।

महेश मूलचंदानी मृदुभाषी व हंसमुख थे। मूलचंदानी काफी समय से अस्वस्थ चल रहे थे, लेकिन सोमवार देर शाम अचानक तबीयत खराब होने पर परिजन जवाहर लाल नेहरू अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने गहन जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। मूलचंदानी अपने पीछे पत्नी व तीन पुत्रियों को छोड गए। महेश मूलचंदान की अंतिम शव यात्रा कोटडा पसंद नगर से रवाना होकर ऋषि घाटी मुक्तिधाम पहुंची, जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया।शव यात्रा मे पत्रकार व फोटो जर्नलिस्ट समेत शहर के गणमान्य लोग शामिल हुए।

सार-समाचार

व्यापारियों ने लिया संकल्प

अजमेर, (कासं)। नारी शाला व्यापारिक एसोसिएशन के उपाध्यक्ष चेतन सैनी और महासंघ के महासचिव रमेश लालवानी के नेतृत्व मंगलवार को नारी शाला चौराहे पर पदाधिकारियो ने नगर निगम के विरुद्ध नारे लगाकर और यूजर्स चार्जेस के आदेश को तुरन्त प्रभाव से वापस लेने की मांग की गई। व्यापारियों द्वारा रोष प्रकट करते हुए नगर निगम के विरुद्ध नारे लगवाकर यूजर्स र्चाजेस प्रदान नहीं किए जाने व नगर निगम हाय हाय के नारे लगवाकर विरोध प्रकट किया। श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ के महासचिव रमेश लालवानी ने व्यापारियों को बताया कि नगर निगम के साथ महासंघ द्वारा यूजर्स चार्जेज की नीति को न्याय संगत बनवाने और पिछली मीटिंग में महासंघ द्वारा उजागर की गई विसंगतियों बिन्दुओ छोटी दुकानों व बडी दुकानो शोरूम के भी एक समान ढाई सौ रुपए का चार्ज आदेश जैसी न्यायोचित करवाने की मांग की गई है। श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ के पदाधिकारियों ने सरकार को भेजे गए प्रस्ताव के जवाब को सार्वजनिक करने की मांग की गई।

'वन संरक्षण में संस्थाओं की अहम भूमिका'

अजमेर (कासं)। उप वन संरक्षक सुगनाराम जाट ने कहा कि स्वयंसेवी एवं समाज सेवी संस्थाएं वन एवं पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन में अहम भूमिका निभाएं। उप वन संरक्षक जाट सोमवार जवाहर फाउंडेशन द्वारा पुष्कर स्थित डियर पार्क में चारा अर्पण कार्यक्रम में स्वयं सेवी संस्थाओं एवं सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों से औपचारिक बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विलुप्त होती जा रही वन्य प्रजातियों का संरक्षण करने के लिए आमजन को जागरूक किया जाना चाहिए। इस अवसर पर जवाहर फाउंडेशन द्वारा डियर पार्क में हिरणों को एक टोली चारा अर्पित किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय वन अधिकारी ज्योति गुप्ता जवाहर फाउंडेशन अजमेर के प्रभारी शिव कुमार बंसल महेश चौहान, मामराज सेन, ताराचंद गहलोत, जगदीश कुडिया, दामोदर मुखिया, मनीष अग्रवाल, हेमराज सिसोदिया, नितेश गहलोत आदि उपस्थित रहे।

मुकदमा दर्ज करने के आदेश

मदनगंज-किशनगढ़, (निस)। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मार्बल की रकम हड़पने के आरोपी फर्म की मालकिन के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है। हरिहरपुर इटावा निवासी रजवाडी टाइल्स एंड मार्बल की मालकिन कुसुम यादव ने करीब ढाई वर्ष पूर्व विद्यासागर कॉलोनी किशनगढ़ निवासी मार्बल व्यवसायी अंकित जैन से करीब 3 लाख रूपये कीमत का मार्बल व ठोनाइट खरीद किया। निरंतर तकाजा किये जाने के बावजूद मालकिन झूठे आश्वासन के जरिये टरकाती रही। आखिरकार परिवादी अंकित जैन ने एडवोकेट रुपेश शर्मा व मुकेश शर्मा के जरिये अदालत की शरण में जाकर दास्ता बंया की। न्यायिक मजिस्ट्रेट ने एडवोकेट शर्मा के तर्क से सहमत होते हुए आरोपी के खिलाफ गांधीनगर थाना पुलिस को मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया।

शैक्षिक सम्मेलन अजमेर में

अजमेर, (कासं)। राजस्थान शिक्षक संघ राधाकृष्णन एवं राधाकृष्णन शिक्षिका सेना का संयुक्त प्रांतीय शैक्षिक सम्मेलन अजमेर के सूचना केंद्र में आयोजित किया जाएगा। प्रदेश महामंत्री अमिताभ सनाढ्य ने बताया कि शिक्षा विभाग के कैलेंडर के अनुसार आगामी 17 और 18 जनवरी को राजस्थान शिक्षक संघ राधाकृष्णन एवं राधाकृष्णन शिक्षिका सेना का संयुक्त प्रदेश शैक्षिक सम्मेलन अजमेर के सूचना केंद्र में आयोजित किया जाएगा।

मकर संक्रांति: अजमेर डिस्कॉम के ग्राहकों ने सोलर लगवाए

अजमेर, (कासं)। अजमेर विद्युत वितरण निगम ने मकर संक्रांति के अवसर पर ग्राहकों को सोलर पैनल लगाने और सूर्यघर योजना का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया है। निगम के जनसंपर्क अधिकारी सतीश सोनी ने बताया कि सरकार द्वारा प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना के प्रचार प्रसार हेतु विशेष प्रयास किए जा रहे है। इसमें स्कूल के विद्यार्थियों सहित विभिन्न जिलों में जागरूकता शिविर लगाए जा रहे है। मकर संक्रांति उत्तरायण पर सूर्य का महत्व बहुत अधिक है। यह दिन सूर्य अर्थात जीवनए ऊर्जाए और प्रकाश का प्रतीक है और उपभोक्ताओं ने इस अवसर पर सोलर लगवाया व अपने अनुभव भी साझा किए।

अबरार अहमद पीसांगन अजमेर निवासी ने कहा कि मकर संक्रांति पर उन्होंने पीएम सूर्यघर योजना के तहत अपने घर में सोलर पैनल लगाया है और अब वे अपने घर की बिजली की जरूरतों को पूरा करने के लिए सूर्य की ऊर्जा का उपयोग कर रहे हैं।

अमन कुमार शर्मा ने कहा कि उन्होंने इस योजना के तहत अपने घर में सोलर पैनल लगाया है और अब वे अपने घर की बिजली की जरूरतों को पूरा करने के लिए सूर्य की ऊर्जा का उपयोग कर रहे हैं। राजेश वर्मा अजमेर निवासी ने कहा कि वैसे तो सोलर एनर्जी बहुत उपयोगी है लेकिन पीएम सूर्यघर योजना के आने के बाद ही मैं इसका लाभ उठा पाया हूं, इससे पहले बिजली बिल की टेंशन रहती थी अब मैं बेफिक्र हो चुका हूँ। प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना के तहत सोलर पैनल लगाने के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अजमेर डिस्कॉम की टीम उपभोक्ताओं की पूरी सहायता करती है।

कक्षा 8वीं के स्कूल 16 तक अवकाश

अजमेर, (कासं)। जिले के विद्यालयों में कक्षा एक से 8वीं तक के विद्यार्थियों का ठण्ड के पूर्वानुमान के कारण अवकाश घोषित किया गया है। जिला कलक्टर लोक बन्धु ने बताया कि मौसम विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान के आधार पर जिले में शीतलहर शुरू होने व इसके असर के कारण तापमान में गिरावट होना संभावित है। जिले में ठंड के प्रकोप को देखते हुए बुधवार 15 जनवरी एवं गुरूवार 16 जनवरी को जिले में संचालित कक्षा एक से 8वीं तक के समस्त सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को शीतलहर एवं ठण्ड के प्रभाव से बचाव एवं विद्यार्थियों के स्वास्थ्य के मद्देनजर विद्यालय में अवकाश घोषित किया गया है। उन्होंने बताया कि यह अवकाश केवल छात्र-छात्राओं के लिए लागू रहेगा। स्टाफ यथावत कार्य करता रहेगा।

योग शिविर में आस्था का सैलाब उमड़ा

मदनगंज-किशनगढ़, (निस)। आदिनाथ दिगंबर जैन पंचायत के तत्वाधान में वंडर सीमेंट के सहयोग से मुनि प्रणम्य सागर महाराज द्वारा सूरजदेवी पाटनी सभागार में आयोजित अहं से अर्हम यात्रा के लिए अर्हम ध्यान योग शिविर में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा।

■ **आर के मार्बल चेयरमैन अशोक पाटनी ने धर्म सभा का शुभारंभ किया**

मुनिश्री ने बताया कि शरीर के पांच केंद्रों से पूरा शरीर संचालित होता है। जिसमें शक्ति केंद्र नाभि, आनंद केंद्र छाती, विशुद्ध केंद्र गला, ज्ञान केंद्र ललाट व सिद्धि केंद्र मस्तिष्क है। उन्होंने इन पांच केंद्रों के लिए ओम अर्हम नमः का जाप कराते हुए पांच मुद्राओं का अभ्यास करवाकर स्वस्थ व खुश रहने की कला सिखाई। मुनिश्री ने कहा हमारा शरीर हमारे ही मन के विचारों से मस्तिष्क में ऐसे हार्मोन बनाते हैं, जिससे पूरा शरीर चलता है। विज्ञान भी कहता है कि कुछ हार्मोन ही शरीर की स्वच्छता को बनाए रखने में कारगर होते हैं।

उन हार्मोन के निर्माण की कला मेडिकल विज्ञान व अर्हम योग को मिलाकर सिखाई गई है। अपने बनाए हुए उद्देश्यों को प्राप्त कर खुश होने के साथ छोटे- छोटे लक्ष्य बनाकर अंदर से अपने आप को ऊर्जावान रखना चाहिए। आत्म निर्भर होने का लक्ष्य रखने से बीमारियां कम होती है। अर्हम एक ऐसी अद्वितीय शक्ति है जो आपके अंदर खुशहाली लाती है। प्रचार प्रभारी संजय जैन ने बताया कि धर्मसभा का शुभारम्भ आर के मार्बल परिवार के कंवरलाल, महावीर प्रसाद, अशोक कुमार, सुरेश कुमार, विमल कुमार पाटनी के साथ कला देवी, चिंटू, डिंपल, विक्की, रेखा बज ने चित्र अनावरण के साथ दीप प्रज्वलन, पाद प्रक्षालन व शस्त्र भेंट कर किया। आरके मार्बल ठ्रुप के चेयरमैन जैन गौरव अशोक पाटनी ने अपने विचार व्यक्त किए। चेयरमैन अशोक पाटनी, प्रकाश गंगवाल, विनोद चौधरी, दिलीप कासलीवाल, इंदरचंद पाटनी, अजय सोनी, प्रणेश बज सहित सकल दिगंबर जैन समाज ने मुनिश्री को श्रीफल भेंटकर वर्ष 2025 का चातुर्मास किशनगढ़ में करने के लिए निवेदन किया।

एनटीईपी समीक्षा बैठक आयोजित

भीलवाड़ा। जिला क्षय निवारण केंद्र में आज मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी की डॉ चेतेंद्र पुरी गोस्वामी की अध्यक्षता में एनटीईपी कार्यक्रम की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।बैठक में सीएमएचओ डॉक्टर गोस्वामी ने उपस्थित सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को अपने क्षेत्रों में सक्रियता से कार्य करते हुए तय लक्ष्यों को पूरा करने के सख्त निर्देश दिए गए। बैठक में जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ.प्रदीप कटारिया, एसटीएस, एसटीएलएस, और सभी एनटीईपी कर्मचारियों ने भाग लिया।

बैठक में सीएमएचओ डॉक्टर गोस्वामी द्वारा टीबी पेशेंट रोगियों की स्क्रीनिंग सहित टीबी रोगियों का फॉलो अप एवं बायोकेमेस्ट्री एनालाइज रिपोर्ट सहित टीबी रोगियों को 1000 प्रति माह डायरेक्ट बेनिफिशियरी ट्रांसफर के माध्यम से दिए जाने हेतु निर्देशित किया गया साथ ही आयुष्मान कैंप में अधिक से अधिक निक्षय मित्र बनाए जाने पर निर्देशित किया गया इस दौरान उन्होंने शाहपुरा बनेड़ा जहाजपुर, कोटडी एवं फुलिया कला उपखंड में भी टीबी वैक्सीनेशन प्रारंभ करने के लिए स्वास्थ्य कर्मियों का प्रशिक्षण आयोजित कर सर्वे किए जाने हेतु चिकित्सा कार्मिकों को निर्देशित किया गया।

NAME CHANGE

I, CHANDRAKANT, is Father's of Army No. 14853142W, Rank : SEP/MT, Name: BIRAJDAR MAHESH CHANDRAKANT, Residing At Vill:- KESAR JAWALGA, Po:- KESAR JAWALGA, Tehsil:- OMERGA, Distt:- OSMANABAD, State:- MAHARASHTRA Pin- 413605 have change my Name from CHANDRAKANT to CHANDRAKANT ANAPPA BIRAJDAR, Affidavit No. BW 937874 Dated 14/01/2025 before Court campus Nasirabad

NAME CHANGE

I, Army No 15345539F Rank : HAV, Name: PREM PAL Residing at Vill. MALWAS (DEVSAR) Post: KASUMBHI Teh: and Dist- BHIWANI, State HARYANA Pin-127029 have change my Daughter Name from NANDANI to NANDINI Vide affidavit No. BW 937868 Dated 14/01/2025 before Court campas Nasirabad

LSG/BEAWAR/MUT/2024-25/117051 DATE :-14-01-2025

कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर

क्रमांक/नगरीय विकास कर/2024-25/10600 दिनांक: 14-01-2025

सार्वजनिक सूचना

श्री अब्दुल रईस, शकील अनवर मो. यूसुफ, मो. फिरोज पुत्र श्री अब्दुल रसीद निवासी ब्यावर ने क्षेत्र नं. 2 पुरानी हलवाई गली मकान नं. 17 क्षेत्रफल 82.43 वर्गगज, जो कि नगर परिषद ब्यावर के नगरीय विकास कर रिकॉर्ड में अब्दुल रज्जाक पुत्र अब्दुल रहीम के नाम दर्ज है। रजि हक-परित्याग दिनांक 25.09.2001 रजि वसीयत-नामा दिनांक 25.09.2013 मृत्यु प्रमाण पत्र दिनांक 05.05.2017 व स्वयं घोषणा शपथ पत्र प्रस्तुत कर नगरीय विकास कर अनुभाग (गृहकर) पंजिका में नाम अन्तरण के लिए आवेदन किया है। अतः इस नाम परिवर्तन के संबंध में किसी व्यक्ति या किसी संस्था को कोई आपत्ति हो तो मय प्रमाणित दस्तावेज सात दिवस में आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद मियाद कोई भी आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

आयुक्त, नगर परिषद, ब्यावर

जरूरतमंद 40 बच्चों को स्वेटर वितरित किए

अजमेर। दान के महापर्व मकर संक्रांति के तहत सक्षम राजस्थान फाउंडेशन ने शहर में कई कार्यक्रम किए जिसकी शुरुआत गौशाला में चारा डाल कर करी गई । इसके पश्चात नागफनी तथा प्रेम नगर आंगनबाड़ी में जरूरतमंद 40 बच्चों को स्वेटर वितरित किए तथा वृद्धाश्रम में भोजन करवाया गया । इस महत्वपूर्ण अवसर पर सक्षम राजस्थान फाउंडेशन के अध्यक्ष लोकेश मिश्रा, हिमांशु वैष्णव , राकेश कुमावत और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

फाउंडेशन के उपाध्यक्ष हिमांशु वैष्णव ने बताया कि सक्षम राजस्थान फाउंडेशन जो गरीब बच्चों और जरूरतमंद लोगों की मदद करती है। इस सर्दी में फाउंडेशन द्वारा सुकून भरी सर्दी कार्यक्रम चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत आज आंगनबाड़ी में 40 की जरूरतमंद बच्चों को स्वेटर बांटे गए और सक्षम राजस्थान फाउंडेशन द्वारा द्वारा समय-समय पर कपड़े दान करना, आवश्यक वस्त्रों का वितरण करना, और जरूरतमंद लोगों को भोजन कराना जैसे अनेक कार्य किए जाते हैं। इस कार्यक्रम के दौरान, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुनीता , मीनाक्षी , सोनल ने सक्षम राजस्थान फाउंडेशन की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार की संस्थाएं समाज में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और शिक्षा के क्षेत्र में योगदान देकर हमारे बच्चों के भविष्य को उज्जवल बनाने में मदद करती हैं। उन्होंने सक्षम राजस्थान फाउंडेशन के सभी सदस्यों का धन्यवाद किया और उनके प्रयासों की सराहना की। सक्षम राजस्थान फाउंडेशन के राकेश कुमावत ने भी अपने विचार साझा किए और बताया कि फाउंडेशन का मुख्य उद्देश्य समाज के कमजोर वर्गों की मदद करना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने कहा कि वे आगे भी ऐसे प्रयास जारी रखेंगे ताकि समाज के हर वर्ग को लाभ पहुंच सके। इस अवसर पर उपस्थित सभी बच्चों ने खुशी व्यक्त की और सक्षम राजस्थान फाउंडेशन को धन्यवाद दिया। बच्चों के चेहरों पर मुस्कान और उत्साह देखकर यह स्पष्ट हो गया कि इस प्रकार की पहलें वास्तव में समाज के लिए आवश्यक हैं और इन्हें निरंतर प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

मकर संक्रांति बच्चों को स्वेटर वितरित किए ।

■ **आंगनबाड़ियो में बाँटे गए स्वेटर**

मंत्री सुरेश सिंह रावत व कमल पाठक ने उडाई पंतग

पुष्कर, (निसं)। प्रदेश के जलसंसाधन मंत्री सुरेश सिह रावत व नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष कमल पाठक ने मंकर संक्रांति के पर्व पर छत पर पंतग बाजीकर पंतग महोत्सव का आंनद लिया। मकर संक्रांति के पर्व पर तीर्थ नगरी में जहां श्रद्धालुओं ने पवित्र सरोवर में आस्था की डुबकी लगाई तो वहीं पुष्कर वासियों ने जमकर पतंगबाजी की। दिन भर युवाओं में पतंगे उड़ाने के लिये होड़ मची रही।

■ **तीर्थ नगरी पुष्कर में हुई पतंगबाजी**

■ **शाम को हुई आतिशबाजी**

छतों पर ये काटा वो काटा की आवाजे गूंजती रही तथा रंग-बिरंगी पतंगों से आसमान पट गया। कई छतों पर डीजे की धुनों पर युवा थिरकते नजर आए। स्थानीय निवासियों के साथ-साथ विदेशी पर्यटकों ने भी पीछे नहीं रहे, उन्होंने छतों पर चढ़ कर पतंगबाजी कर पतंग महोत्सव मनाया। देर शाम तक पतंगबाजी के युवाओं ने द्वारा जमकर आतिशबाजी की गई। मंगलवार को सूर्य उदय के साथ शुरू हुआ पतंगबाजी का सिलसिला सूर्य अस्त के बाद तक जारी रहा, जैसे दिन गुजरता रहा वैसे पतंगबाजों का जोश आसमान छूता रहा, दोपहर बाद पूरा आकाश रंग-बिरंगी पतंगों से अट गया।

पतंगबाजी का सिलसिला देर शाम तक चलता रहेगा और पतंगबाजी के चलते आसमान में रंगबिरगी पतंगे उडती दिखी।पतंगो को उड़ाने के लिए छतो पर भारी भीड़ रही और एक दूसरे की पतंगों को काटने और लूटने की होड़ लगी रही।

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

मूल आवंटी / अन्तरिति द्वारा निष्पादित वसीयतनामें के आधार पर नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण (नगर सुधार न्यास) की डी. डी. पूरम योजना के आवासीय/व्यावसायिक भूखण्ड संख्या-ए-204 क्षेत्रफल 90 वर्गमीटर के आवंटी/अन्तरिति श्री सत्यदेव शर्मा पुत्र श्री दीपचंद शर्मा निवासी मकान नं. 796बी/28, त्रिवेणी सदन, शिवनगर, बिहारीगंज, अजमेर की मृत्यु दिनांक 01/06/2022 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा वसीयतनामा (पंजीकृत दिनांक 17/05/2022) सलंग्न कर मृतक द्वारा निष्पादित वसीयतनामें के आधार पर नामान्तरण हेतु श्री दिनेश चंद्र शर्मा पुत्र स्व. श्री सत्यदेव शर्मा निवासी मकान नं. 796बी/28, त्रिवेणी सदन, शिवनगर, बिहारीगंज, अजमेर द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त नामान्तरण किये जाने के संबंध में किसी को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करवें। उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी व आवेदक के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी।

योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

मूल आवंटी/अन्तरिति की मूल दस्तावेज गुज हो जाने पर फ्री होल्ड पट्टा जारी करने के क्रम आम सूचना का प्रारूप

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर की लोहागल में भूखण्ड संख्या 01 खसरा संख्या 893 को श्री सुरेश कुमार शर्मा पुत्र श्री प्रभुदयाल शर्मा को नियमन किया गया। जिसका पट्टा क्रमांक 2384 दिनांक 23/05/2013 को जारी किया गया। श्री सुरेश कुमार शर्मा द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र के आधार पर श्री उमेश कुमार यादव पुत्र श्री मुन्नालाल यादव को बेचान कर दिया गया था श्री उमेश कुमार यादव द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र के आधार पर श्रीमती मिनाक्षी पनियार पत्नि श्री रवि पनियार को बेचान कर दिया गया था। श्रीमती मिनाक्षी पनियार पत्नि श्री रवि परियार द्वारा स्वंय के पक्ष में नामान्तरण करा लिया गया है। श्रीमती मिनाक्षी पनियार पत्नि श्री रवि पनियार द्वारा शपथ पत्र व गुमशुदगी रिर्पोट प्रस्तुत कर अवगत कराया की विक्रय पत्र (उमेश कुमार यादव वाला) गुम हो गया है। अतः भूखण्ड संख्या 01 खसरा संख्या 893 ग्राम लोहागल का फ्री होल्ड पट्टा श्रीमती मिनाक्षी पनियार पत्नि श्री रवि पनियार के पक्ष में जारी किये जाने से किसी को कोई आपत्ति हो तो 7 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें। उक्त नियत अवधि के पश्चात् आपत्ति स्वीकार नही होगी फ्री होल्ड का पट्टा जारी कर दिया जावेगा।

योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

कान्हा गाडरी को मिला सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का किताब

भीलवाड़ा। एम यू स्पोर्ट्स अकादमी और आरएसडब्ल्यूएम के संयुक्त तत्वाधान में स्थानीय महावीर स्कूल ग्राउंड, शास्त्री नगर पर आयोजित भीलवाड़ा हॉकी लीग के पांचवें संस्करण में सिंधु नगर स्ट्राइकर ने गांधीनगर ईगल्स को बेहद रोमांचक टाइब्रेकर मुकाबले में 3 -2 से हराकर चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया सिंधु नगर टीम के कप्तान कान्हा गाडरी, अक्षय जाट और हनुमानगढ़ के शिवम ने बहुत ही शानदार प्रदर्शन कर अपनी टीम को चैंपियन बनाया दोनों टीम अंतिम समय तक दो-दो से बराबर थी गांधीनगर टीम के अमित लोदा और प्रद्युम्न सोलंकी ने भी शानदार खेल का प्रदर्शन किया आयोजक सचिव अजीत जैन के अनुसार समापन समारोह के मुख्य अतिथि आरएसडब्ल्यूएम के बिजनेस हेड योगेश दत्त तिवारी , जवाहर फाउंडेशन के लोकेंद्र पंड्या ,खेल प्रेमी एव पूर्व यूआईटी चेयरमैन लक्ष्मी नारायण दाद, दस्तक संस्था के कुणाल ओझा , उदय लाल बोराणा ,महावीर स्कूल की प्रिंसिपल अवनी अजमेरा, भीलवाड़ा हॉकी अकादमी के सचिव गोपाल राज पारीक ,प्राकृतिक कुल्हड़ परिवार और फिट इंडिया फिट भीलवाड़ा मुहिम के सचिव भूपेंद्र मोगरा , साइंस अकादमी के अनूप सिंह और काशीपुरी के पूर्व पार्षद सुरेश बम ने विजेता और उपविजेता टीम को ट्रॉफी और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया नन्हे बच्चों के ठ्रुप में विजेता टीम को ट्रॉफी लक्ष्मी शंकर स्मृति एवं सृजन संस्था की तरफ से दी गई भीलवाड़ा हॉकी लीग में विजेता सिंधु नगर टीम के कान्हा गाडरी को प्रतियोगिता का बेस्ट प्लेयर का अवार्ड दिया गया इस अवसर पर स्पोर्ट्स अकादमी के प्रशिक्षक दिनेश सोलंकी , मनीषा सोलंकी ,पलक राजपूत और श्याम बिश्नोई का सम्मान किया गया इस प्रतियोगिता में भीलवाड़ा शहर के 40 बेस्ट प्लेयर और हनुमानगढ़ ,शाहपुरा ,केकड़ी ,फुलिया कला ,झांसी ,अजमेर, कोटा और मावली उदयपुर के 24 बेस्ट खिलाडियों ने हिस्सा लिया अंत में एमयूपीएस स्पोर्ट्स अकादमी के अजीत जैन और अवनी अजमेरा ने सभी का आभार व्यक्त किया गौरतलाप बात है कि जवाहर फाउंडेशन अपने सामाजिक सरोकार के तहत खेल शिक्षा साहित्य महिला सशक्तिकारण खाद्य सुरक्षा तथा जल संरक्षण के क्षेत्र में निरंतर काम कर रही है और खेल उनकी प्राथमिकता रही है फाउंडेशन के ओएसडी रजनीश वर्मा ने बताया हॉकी, क्रिकेट, फुटबॉल, चेस, टेबल टेनिस, विशु जैसे कई खेलों को प्रोत्साहित करने का काम कर रही है।

अग्रवाल समाज अजमेर की कार्य समिति की बैठक संपन्न

अजमेर, (कासं)। अग्रवाल समाज अजमेर के संरक्षक मंडल, पदाधिकारियों, कार्यकारिणी सदस्यों, आमंत्रित व विशेष आमंत्रित सदस्यों तथा क्षेत्रीय सचिवों समूह संयोजक की बैठक मंगलवार को संस्था अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित हुई, जिसमें फरवरी माह में साधारण सभा, 8 मार्च को होली स्नेह मिलन व वरिष्ठजन सम्मान समारोह, अप्रैल व मई में समाज बंधुओं को जगन्नाथपुरी व गंगासागर आदि धार्मिक स्थानों की यात्रा सहित अन्य भावी कार्यक्रम पर विचार विमर्श कर आवश्यक निर्णय लिए गए। अग्रवाल समाज अजमेर के अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल व महासचिव सतीश बंसल ने बताया कि बैठक में से पूर्व संस्था के मुख्य संरक्षक रमेशचंद अग्रवाल, हनुमान दयाल बंसल, बीपी मित्तल व राधिका अग्रवाल, उमेशचंद गुप्ता, कमल किशोर गर्ग, गिरधर गोपाल गोयल विनय गुप्ता, स्नेहलता मंगल व छाया गर्ग, दिनेश प्रणामी आदि पदाधिकारियों ने श्री अग्रसेन भगवान की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्वलित कर बैठक का शुभारंभ किया। इसके पश्चात महासचिव सतीश बंसल ने गत कार्यसमिति की बैठक का कार्यवाही विवरण पढक़र सुनाया जिसका सभी ने अनुमोदन किया। संस्था की सदस्यता के लिए प्राप्त 5 आवेदन पत्रों को स्वीकृति प्रदान कर सदस्य बनाया।

'ब्लॉक शिक्षा अधिकारी का किया स्वागत अभिनंदन

जिला शिक्षा अधिकारी प्रारम्भिक राजाराम टाक का अभिनन्दन किया।'

ब्यावर (निसं) राजस्थान शिक्षक संघ राधाकृष्णन एवं राधाकृष्णन शिक्षिका सेना जिला ब्यावर द्वारा आज जिला शिक्षा अधिकारी प्रारम्भिक राजाराम टाक एवं मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी जवाजा कविता मौर्य का माला,साफा, शाल और गुलदस्ता भेंट कर अभिनन्दन किया।

संगठन के प्रदेश सह प्रवक्ता सुरेश चन्द फुलवारी ने बताया कि राजस्थान शिक्षक संघ राधाकृष्णन एवं राधाकृष्ण शिक्षिका सेना जिला ब्यावर के पदाधिकारियों ने कृष्णा कॉलोनी विद्यालय में आयोजित एक समारोह में माला,साफा, शाल और गुलदस्ता भेंट कर स्वागत एव अभिनंदन किया। इस अवसर पर प्रदेश सभाध्यक्ष न